दिन– मंगलवार | दिनांक– 10/06/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रक्षा उत्पादन में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत के रक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन की सराहना की।

02. सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा – पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत वर्ष दो हजार अट्ठाईस तक तीस लाख लोगों को रोजगार दिया जायेगा।

03. राज्य सरकार ने पंचायती राज विभाग में आठ हजार तिरानवे पदों पर नियुक्ति का किया फैसला। महिला सरकारी सेवकों को पदस्थापना स्थल के पास ही आवास उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को कैबिनेट ने दी मंजूरी।

04. और, पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में। बयालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास जिले का डेहरी सबसे गर्म स्थान रहा।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले ग्यारह वर्षों में भारत के रक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा उत्पादन में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता हासिल करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह देखना उत्साहजनक है कि कैसे भारत के लोग राष्ट्र को मजबूत करने के साझा संकल्प के साथ एकजुट हुए हैं।

---

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत के रक्षा क्षेत्र में पिछले ग्यारह वर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक परिवर्तन हुआ है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मजबूत सीमाएं, आधुनिक सशस्त्र बल, स्वदेशी हथियार, रिकॉर्ड रक्षा निर्यात और वैश्विक विश्वास से यह क्षेत्र आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हुआ है।

---

केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में योजनाओं के कार्यान्वयन में गति आयी है। केंद्र में मोदी

सरकार के ग्यारह वर्ष पूरे होने के अवसर पर पटना में भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में श्री मेघवाल ने कहा कि प्रगति के माध्यम से योजनाओं की लगातार निगरानी करके प्रधानमंत्री ने एक मिसाल पेश की है।

---बाइट---

---

सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनके मंत्रालय ने पिछले ग्यारह वर्षों में पंद्रह गुना अधिक वृद्धि की है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री मांझी ने कहा कि वर्ष दो हजार अट्ठाईस तक देश में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत तीस लाख लोगों को रोजगार दिया जायेगा।

---बाइट---

---

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहा है कि विकसित कृषि संकल्प अभियान का मुख्य लक्ष्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से अवगत कराना है। आज बक्सर में अभियान के तहत किसानों से संवाद करते हुए श्री ठाकुर ने कहा कि अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिक सुदूर गांवों तक जाकर किसानों से संवाद करते हैं और उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं।

---बाइट---

---

प्रदेश में पंचायती राज विभाग के तहत आठ हजार तिरानवे पदों पर नियुक्ति होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि ये सभी पद निम्नवर्गीय लिपिक के होंगे। इसके अलावा कैबिनेट ने अन्य विभागों में भी विभिन्न पदों पर नियुक्ति को मंजूरी प्रदान की है।

---बाइट--

डॉ. सिद्धार्थ ने बताया कि कैबिनेट ने सालों से अनुपस्थित रहने वाले सात चिकित्सकों को सेवा से बर्खास्त कर दिया। उन्होंने कहा कि कैबिनेट ने महिला सरकारी सेवकों को उनके पदस्थापना स्थल के पास ही आवास उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की है।

---बाइट--

डॉ. सिद्धार्थ ने बताया कि प्रदेश में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत नौ जनजातियों को प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण का लाभ दिया जाएगा।

---बाइट---

---

इस बीच, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि प्रदेश में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत दस जिलों में एक हजार तीन सौ आठ जनजातीय परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराया जाएगा।

---

कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में अंतिम संसदीय प्रतिनिधिमंडल पांच देशों की अपनी सफल यात्रा पूरी करने के बाद आज भारत लौट आया है। प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से निपटने के लिए भारत की राष्ट्रीय सहमति और दृढ़ दृष्टिकोण को प्रदर्शित करने के लिए अमरीका, पनामा, गुयाना, ब्राजील और कोलंबिया का दौरा किया। श्री थरूर ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि इन बैठकों में उन्हें सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के दूसरे समूह का नेतृत्व करने वाले भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने अपनी यात्रा के दौरान कई बैठकों में आतंकवाद पर भारत के रुख को पेश किया। उन्होंने कहा कि दुनिया को यह समझने की जरूरत है कि पाकिस्तान, एक सैन्य–जनरल गठजोड़ की गिरफ्त में है जिसके अनुचित काम आतंकवादी करते हैं।

---बाइट---

---

पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकांश स्थानों का तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के आस–पास रिकॉर्ड किया गया।

बयालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास जिले का डेहरी सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, राजधानी पटना का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इसके बाद तापमान में गिरावट की संभावना है।

–––बाइट–––

---

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने पटना के ऊर्जा स्टेडियम में आयोजित एक कार्यक्रम में छह सौ चौरानवे चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। श्री पांडेय ने नवनियुक्त चिकित्सकों को बधाई देते हुए कहा कि अब शहरी के साथ–साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि राज्य में सात हजार चार सौ अड़सठ एएनएम की भी नियुक्ति की गई है।

---

निगरानी जांच ब्यूरो ने सीवान के लकड़ी नबीगंज प्रखंड की गोपालपुर पंचायत के राजस्व कर्मचारी गिरीश देव तिवारी को पैंतीस हजार रूपए रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार राजस्वकर्मी एक जमीन के सत्यापन के एवज में शिकायतकर्ता से घूस ले रहा था।

---

हरियाणा के फरीदाबाद में एक व्यक्ति ने अपने चार बच्चों के साथ ट्रेन के आगे छलांग लगा दी, जिसमें सभी की मौत हो गई। मृतक की पहचान लखीसराय जिले के बहरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत तारतरा गांव निवासी मनोज महतो के रूप में हुई है।

---

सीवान के जीवी नगर थाना क्षेत्र में एक अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से पिकअप वैन सवार तीन लोगों की मौत हो गई।

---

पटना के बिक्रम थाना क्षेत्र के मझौली सिंघाड़ा गांव में अपराधियों ने दो युवकों की गोली मारकर हत्या कर दी। दोनों मृतक एक चौकीदार की हत्या के मामले के आरोपी थे।

---

गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चक पहाड़ मुंजा गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, एक दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

---

पश्चिम चंपारण जिले के कालीबाग थाना क्षेत्र के बुलाकी सिंह चौक के पास से पुलिस ने चार अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

---

अररिया जिले के फारबिसगंज थाना क्षेत्र से पुलिस और एसटीएफ की टीम ने दो कुख्यात अपराधियों आशीष पासवान और मोहम्मद सरफराज को गिरफ्तार किया है। दोनों पर जिले के कई थानों में मामले दर्ज हैं।

---

खगड़िया जिले के गंगौर थाना क्षेत्र में पिछले दिनों अवैध हथियार के साथ फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने एक युवक प्रियांशु कुमार को गिरफ्तार किया है। एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

---

मुंगेर जिले के महेशपुर गंगा घाट में स्नान के दौरान एक किशोर की डूबने से मौत हो गई। एक अन्य किशोर को स्थानीय लोगों की मदद से बचा लिया गया।

---

बेगूसराय स्थित एक निजी नर्सिंग होम में प्रसव के दौरान जच्चा–बच्चा की मौत से आक्रोशित परिजनों ने जमकर हंगामा किया।

---

रोहतास जिले के काराकाट थाना क्षेत्र के बहुआरा के पास से पुलिस ने एक यात्री बस से एक तस्कर को आठ किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रक्षा उत्पादन में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत के रक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन की सराहना की।

02. सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा – पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत वर्ष दो हजार अट्ठाईस तक तीस लाख लोगों को रोजगार दिया जायेगा।

03. राज्य सरकार ने पंचायती राज विभाग में आठ हजार तिरानवे पदों पर नियुक्ति का किया फैसला। महिला सरकारी सेवकों को पदस्थापना स्थल के पास ही आवास उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को कैबिनेट ने दी मंजूरी।

04. और, पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में। बयालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास जिले का डेहरी सबसे गर्म स्थान रहा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।